## दिनांक 02.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे से आयोजित जल जीवन मिशन के समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त :–

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 02.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे से विकास भवन के सभा कक्ष में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण),कन्ट्रक्शन मैनेजर व श्री आनन्द कुमार इंजीनियर एल0एण्ड टी0,सहायक परियोजना प्रबन्धक एवं डी0पी0एम0 मेधज तथा डी0पी0एम0यू0 के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं की समीक्षा की गई।

1 – बैठक में कन्सट्रक्शन मैनेजर, एल0 एण्ड टी0 से पूछे पर जाने पर बताया गया कि दिनांक 01.08.2024 तक 1067 श्रमिक कार्य पर लगाये गये थे। कार्य पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में एल0एण्ड टी0 को निरन्तर निर्देशित किया जा रहा है परन्तु उनके द्वारा इस ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण परियोजना के कार्यों को समायान्तर्गत पूर्ण कराया जाना सम्भव प्रतीत नहीं हो रहा है तथा ग्रामीणों के स्तर से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया जाता है कि सभी परियोजनाओं पर श्रमिकों एवं मशीनों की संख्या बढ़ाकर निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें अन्यथा विलम्ब किये जाने की दशा में किसी प्रकार की विपरीत परिस्थिति के लिए आपकी संस्था जिम्मेदार होगी।

कार्यवाही –अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/ परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

2 – दिनांक 02.08.2024 तक 524 नलकूपों का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसके सापेक्ष 442 नलकूपों में डेवलप्मेन्ट का कार्य पूर्ण है तथा 395 नलकूपों में मोटर पम्प अधिष्ठापित कराकर 247 नलकूपों को कियाशील किया गया है। अधिष्ठापित 395 नलकूपों के सापेक्ष क्रियाशील नलकूपों की प्रगति काफी कम है जो संतोषजनक नहीं है।

| बैठक के दिनांक 02.08.2024 को प्रारम्भ नलकूप कार्य | दिनांक 15.08.2024 तक डेवलेप्मेन्ट पूर्ण किये जाने वाले नलकूपों की सं0 | दिनांक 15.08.2024 तक मोटर पम्प अधिष्ठापित नलकूपों की सं0 | दिनांक 15.08.2024 तक कियाशील नलकूपों को बढ़ाये जाने की सं0 |
|---|---|---|---|
| 524 | 455 | 405 | 260 |

बैठक में एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 15.08.2024 तक डेवलप्मेन्ट पूर्ण नलकूपों की सं0 में 13, नलकूपों के अधिष्ठापन में 10 एवं कियाशीलता में 13 की वृद्धि करते हुए उपरोक्तानुसार क्रमशः 455, 405 एवं 260 नलकूपों के कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें तथा अवशेष नलकूपों के डेवलेप्मेन्ट के कार्य में अपेक्षित प्रगति लायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/ परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

3 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल स्वीकृत 531 योजनाओं के सापेक्ष अभी तक मात्र 492 परियोजनाओं पर ओवरहेड टैंक का कार्य प्रारम्भ कराया गया है परन्तु मात्र 260 ओवरहेड टैंक अधिष्ठापित कराकर 179 का कार्य ही कार्य पूर्ण किया गया है। ओवरहेड टैंकों के पूर्णता की प्रगति काफी धीमी है, जिसकी प्रगति बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

| शिरोपरि जलाशय की संख्या | कार्य प्रारम्भ | दिनांक 15.08.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले टैंक अधिष्ठापन की संख्या | दिनांक 15.08.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले ओवरहेड टैंकों की सं0 |
|---|---|---|---|
| 531 | 492 | 270 | 187 |

CamScanner

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा बैठक में आश्वस्त किया गया कि दिनांक 15.08.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले टैंक अधिष्ठापन की संख्या 260 में 10 तथा पूर्ण ओवर हेड टैंक की संख्या 179 में 08 की वृद्धि कर क्रमशः 270 एवं 187 की संख्या तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 15.08.2024 तक ओवरहेड टैंकों का कार्य उपरोक्तानुसार संख्या के सापेक्ष पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

4 – जल वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 531 स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष अभी तक 463 योजनाओं पर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा प्रस्तावित पाइप लाइन की लम्बाई 8407 कि0मी0 के सापेक्ष अभी तक मात्र 5698 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का ही कार्य पूर्ण कराया गया है तथा अभी तक मात्र 5068 कि0मी0 पाइप लाइन का हाइड्रो टेस्ट कराया गया है, जिसकी प्रगति काफी कम है।

| कार्य प्रारम्भ योजना की सं0 | प्रस्तावित लम्बाई | दिनांक 15.08.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले पाइप लाइन | दिनांक 15.08.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले हाइड्रो टेस्ट पाइप लाइन की ल0 |
|---|---|---|---|
| 463 | 8407 कि0मी0 | 5768 कि0मी0 | 5138 कि0मी0 |

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 15.08.2024 तक 70 कि0मी0 पाइप लाइन तथा 70 कि0मी0 पाइप लाइन का हाइड्रो टेस्ट कराकर उपरोक्तानुसार प्रगति सुनिश्चित करायें।

इसी प्रकार प्रस्तावित गृह संयोजन संख्या 302490 के सापेक्ष अभी तक 238302 गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराया गया है, जो प्रस्तावित के सापेक्ष कम है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया जाता है कि कार्य पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराकर ग्राम वासियों का गृह संयोजन कराते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

5 – कुल स्वीकृत 531 परियोजनाओं के सापेक्ष अभी तक मात्र 298 परियोजनाओं पर ही सोलर पैनेल का कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 287 परियोजनाओं पर सोलर पैनेल अधिष्ठापित कराया गया है। आपूर्तित 521 सोलर पैनेल के सापेक्ष कार्य प्रारम्भ एवं अधिष्ठापित कराये गये सोलर पैनेल की प्रगति अत्यन्त ही धीमी है।एल0एण्ड टी0 द्वारा बैठक में आश्वस्त किया गया कि दिनांक 15.08.2024 तक 15 और सोलर पैनेल अधिष्ठापित कराकर अधिष्ठापित सोलर पैनेल की संख्या 302 पूर्ण कर ली जायेगी।

| सोलर पैनेल के मॉग की सं0 | आपूर्ति की गई सोलर पैनेल की सं0 | कार्य प्रारम्भ परियोजनाओं की संख्या | अधिष्ठापित कराये गये सोलर पैनेल की सं0 | दिनांक 15.08.2024 तक तक अधि0 किये जाने वाले सो0पै0 की सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 531 | 521 | 298 | 287 | 302 |

परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया जाता है कि उपलब्ध सोलर पैनेल के सापेक्ष कार्य प्रारम्भ कराने तथा अधिष्ठापित कराये जाने वाले सोलर पैनेल की प्रगति में अपेक्षित वृद्धि लाना सुनिश्चित।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।

6 – कुल स्वीकृत परियोजना 531 के सापेक्ष अभी तक मात्र 365 पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 297 पम्प हाउस का ही निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है, जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। परियोजना

CamScanner

प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया जाता है कि श्रमिकों तथा मशीनों की संख्या बढ़ाकर समयान्तर्गत पम्प हाउस के निर्माण का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्र0 एल0एण्ड टी0।

7 – बैठक में एल0एण्ड टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 531 परियोजनाओं के सापेक्ष 528 परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध है तथा परियोजनाओं में भूमि विवाद है, जिसमें 03 परियोजनाओं में भूमि अनुपलब्ध एवं 03 परियोजना में विवाद है (तहसील पिण्डरा 01 व सदर 05)।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया जाता है कि कुल 06 परियोजनाओं के भूमि विवाद का निराकरण नियमानुसार सक्षम स्तर से कराते हुए कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करायें। साथ ही परियोजना परिसर में स्थित पेड़ों की कटाई अपने स्तर से कराकर उसे गाम पंचायत को हस्तगत करा दें जिससे कि ग्राम पंचायत द्वारा नीलामी की कार्यवाही कराकर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्र0 एल0एण्ड टी0।

8 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु कुल 1961406 मी0 खड़ंजा/ इण्टरलाकिंग/ सी0सी0रोड/डब्ल्यू बी0एम0 रोड एवं बिटूमिन रोड की कटिंग की गई है जिसके सापेक्ष अब तक 1435749 मी0 सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य ही पूर्ण कराया गया है, शेष सड़कों के मरम्मत का कार्य कराया जाना बाकी है। कटिंग किये गये सड़कों का मरम्मत ससमय मानक के अनुरूप नहीं किये जाने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है तथा ग्रामीणों द्वारा निरन्तर शिकायतें प्राप्त हो रही है। श्री संदीप कुमार विश्वास, प्रभारी कन्ट्रोल रूम द्वारा बताया गया कि 104 ग्राम पंचायतों के सत्यापन में 61 ग्राम पंचायतों की सड़कों का मरम्मत मानक के अनुरूप कराया जाना नहीं पाया गया।

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम पंचायतों के अवशेष सड़कों के मरम्मत का कार्य यथाशीघ्र अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

सहायक परियोजना प्रबन्धक, मेधज द्वारा बताया गया कि अभी 2754 कमियों का निस्तारण एल0एण्ड टी0 द्वारा किया जाना शेष है। सहायक परियोजना प्रबन्धक एवं डी0पी0एम0 मेधज को निर्देशित किया गया कि निरन्तर पेयजल परियोजनाओं का निरीक्षण करें तथा पाई गई कमियों की सूची तैयार कर एल0एण्ड टी0 को प्रेषित करते हुए समयान्तर्गत उसका निराकरण करायें तथा निराकृत कमियों का विवरण लिखितरूप में एल0एण्ड टी0 से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही – श्री संदीप विश्वास, कन्ट्रोल रूम प्रभारी / परि0प्र0 एल0एण्ड टी0/ मेधज।

9 – बैठक में एल0एण्ड टी0 द्वारा बताया गया कि अभी तक कुल 531 स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष 247 परियोजनाओं से 479 राजस्व ग्रामों में जलापूति की जा रही है, जिसमें 131 परियोजनाओं में ओवर हेड टैंक के माध्यम से तथा 116 परियोजनाओं में नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति हो रही है।

कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी/ जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0

10– एल0एण्ड टी0 द्वारा बैठक में बताया गया कि 98 पेयजल परियोजनाओं के परिसर में मिट्टी भराई का कार्य कराया जाना है। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राज्य वित्त आयोग से प्रथम चरण में अपने विकास खण्ड के 5–5 पेयजल परियोजनाओं के परिसर में मिट्टी भराई का कार्य सुनिश्चित कराये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम,ग्रामीण तथा परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया जाता है कि

CS CamScanner

सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के समन्वय स्थापित कर परियोजना परिसर में मिट्टी भराई का कार्य कराना सुनिश्चित करायें। उक्त कार्य में जिला विकास अधिकारी,वाराणसी से अपेक्षित सहयोग प्राप्त कर सभी परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी / समस्त खण्ड विकास अधिकारी / अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्र0, एल0एण्ड टी0।

अतः सम्बन्धित को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार अनुपालन निर्धारित समयान्तर्गत सुनिश्चित कराते करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत करायें।

(हिमांशु नागपाल)
मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

05/8/24

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी–वाराणसी।

पत्रांक– 921 /ज0जी0मि0/बैठक कार्य0/2024–25 दिनांक– 7 अगस्त,2024

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 – जिलाधिकारी महोदय,वाराणसी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2 – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी।
3 – अधिशासी अभियन्ता, जल निगम,ग्रामीण,वाराणसी।
4 – समस्त खण्ड विकास अधिकारी, वाराणसी।
5 – श्री संदीप विश्वास, प्रभारी कन्ट्रोल रूम, विकास भवन,वाराणसी।
6 – परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0, वाराणसी।
7 – परियोजना प्रबन्धक, मेधज,वाराणसी।
8 – जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0–वाराणसी।

मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

05/8/24

CamScanner